**(नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, ग्वालियर)**

**कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-प्रथम) मध्य प्रदेश**

**ऑडिट भवन, ग्वालियर- 474002**

**दिनांक 27.01.2026 को सम्पन्न नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति ग्वालियर (कार्यालय-01 एवं कार्यालय-02) की संयुक्त 94वीं अर्धवार्षिक बैठक का कार्यवृत्त ।**

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति ग्वालियर की 94वीं अर्धवार्षिक बैठक श्री सिद्धार्थ बोंडाडे, महालेखाकार महोदय एवं अध्यक्ष नराकास (क्र. 01) की अध्यक्षता में दिनांक 27.01.2026 को प्रातः 11:00 बजे कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-प्रथम), मध्य प्रदेश, ऑडिट भवन, ग्वालियर में आयोजित की गई । बैठक में श्री सत्यवर्धन गौतम, क्षेत्रीय आयुक्त, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन एवं अध्यक्ष नराकास (क्र. 02), सदस्य कार्यालयों के कार्यालय प्रमुख, नामित प्रतिनिधि और अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस बैठक में कुल 46 सदस्य कार्यालयों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की तथा 24 सदस्य कार्यालय बैठक में अनुपस्थित रहे। उपस्थित कार्यालय प्रमुख, कार्यालय के प्रतिनिधियों की सूची क्रमशः परिशिष्ट–1 एवं परिशिष्ट-2 में तथा अनुपस्थित कार्यालयों की सूची परिशिष्ट 3- पर अंकित है।

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक प्रारंभ करते हुए श्री मनीष कुमार, सहायक निदेशक (राजभाषा) ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का अभिवादन किया एवं बैठक की कार्यसूची का वाचन किया। तत्पश्चात उप महालेखाकार एवं सचिव,नराकास श्री महेश प्रसाद श्रीवास्तव ने बैठक को संबोधित किया | अपने संबोधन में सचिव महोदय द्वारा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, ग्वालियर की अर्द्धवार्षिक बैठक का शुभारंभ करते हुए सभी उपस्थित सदस्यों का औपचारिक स्वागत किया गया। उन्होंने समिति की कार्यप्रणाली की निरंतर प्रगति एवं प्रभावशीलता सुनिश्चित करने हेतु सदस्यों की उपस्थिति को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

सचिव महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के निर्देशानुसार नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, ग्वालियर को दो भागों में विभाजित किया गया है, जिनमें नराकास ग्वालियर (कार्यालय-1) में 34 सदस्य कार्यालय तथा नराकास ग्वालियर (कार्यालय-2) में 32 सदस्य कार्यालय सम्मिलित हैं। नराकास ग्वालियर (कार्यालय-1) की अध्यक्षता प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-प्रथम), मध्य प्रदेश, ग्वालियर के कार्यालय को तथा नराकास ग्वालियर (कार्यालय-2) की अध्यक्षता केंद्रीय भविष्य निधि संगठन, ग्वालियर के कार्यालय को प्रदान की गई है।

नराकास (कार्यालय-2) की अध्यक्षता का दायित्व केंद्रीय भविष्य निधि संगठन, ग्वालियर को सौंपे जाने पर सचिव महोदय द्वारा नराकास (कार्यालय-1) की ओर से उन्हें बधाई तथा नवीन दायित्व के सफल निर्वहन हेतु शुभकामनाएँ दी गईं।

सचिव महोदय द्वारा सभी सदस्य कार्यालयों से अपेक्षा की गई कि वे राजभाषा अधिनियम, राजभाषा नियम, राजभाषा वार्षिक कार्यक्रम तथा विभागीय राजभाषा दिशानिर्देशों का अक्षरशः एवं समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करें।

सचिव महोदय द्वारा यह संज्ञान में लाया गया कि समीक्षाधीन अवधि के दौरान अनेक सदस्य कार्यालयों द्वारा पत्राचार, टिप्पण-प्रारूपण एवं प्रशासनिक अभिलेखों में हिन्दी के प्रयोग, ई-ऑफिस प्रणाली में द्विभाषिकता के अनुपालन तथा राजभाषा प्रशिक्षण कार्यक्रमों/कार्यशालाओं के आयोजन के क्षेत्र में संतोषजनक प्रगति की गई है। इस हेतु समिति द्वारा संबंधित सदस्य कार्यालयों के प्रयासों की औपचारिक प्रशंसा की गई।

सचिव महोदय ने आशा व्यक्त की कि नराकास ग्वालियर के सभी सदस्य कार्यालय, चाहे वे नराकास (कार्यालय-1) से संबंधित हों अथवा नराकास (कार्यालय-2) से, अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए आगामी अर्द्धवार्षिक अवधि में राजभाषा कार्यान्वयन की दिशा में और अधिक गुणात्मक एवं परिणामोन्मुख प्रगति सुनिश्चित करेंगे।

अपने संबोधन के अंत में सचिव महोदय द्वारा समिति की अर्द्धवार्षिक बैठक की औपचारिक कार्यसूची पर विचार-विमर्श हेतु बैठक के शुभारंभ की घोषणा की गई।

इसके उपरांत सहायक निदेशक (राजभाषा) द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों से नराकास की 93वीं बैठक के कार्यवृत की पुष्टि का अनुरोध किया गया, जिसकी सर्वसम्मति से पुष्टि की गई ।

बैठक के क्रम को आगे बढ़ाते हुये सुश्री निधि गौतम, कनिष्ठ हिंदी अनुवादक द्वारा विभिन्न सदस्य कार्यालयों से प्राप्त 30 सितंबर 2025 को समाप्त छमाही के लिए हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित छमाही प्रतिवेदनों की बिन्दुवार समीक्षा प्रस्तुत की गई ।

समिति को सूचित किया गया कि हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित छमाही प्रतिवेदन 11 सदस्य कार्यालयों से प्राप्त नहीं हुए। सभी सदस्य कार्यालयों से भविष्य में प्रत्येक छमाही की समाप्ति के पश्चात् आगामी माह की 30 तारीख तक छमाही प्रतिवेदन भेजने हेतु अनुरोध किया गया।

मद संख्या (2) के अन्तर्गत-

**(क) राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3)** का कुल 29 कार्यालयों ने पूर्णतया पालन नहीं किया है।

**(ख) राजभाषा अधिनियम 1976 के नियम 5** का अनुपालन 08 कार्यालयों में निर्धारित लक्ष्य 100 प्रतिशत से कम रहा |

**(ग) कार्यालयों द्वारा हिन्दी में प्रेषित पत्रों की स्थितिः-** राजभाषा विभाग द्वारा 'क' क्षेत्र से क्षेत्रवार हिन्दी में प्रेषित किए जाने वाले पत्रों हेतु 'क', 'ख' एवं 'ग' क्षेत्र में क्रमशः 100, 100 एवं 65 प्रतिशत लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्राप्त प्रतिवेदनों द्वारा ज्ञात हुआ कि कुल 32 कार्यालयों द्वारा निर्धारित लक्ष्य से कम हिन्दी पत्राचार किया गया है।

समिति द्वारा संबंधित कार्यालयों से भविष्य में निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सार्थक प्रयास करने हेतु अनुरोध किया गया।

मद संख्या (3) के अंतर्गत **फाइलों पर हिन्दी में कार्य (कार्यालयीन नस्तियों पर हिन्दी में टिप्पणी)** करने में 03 कार्यालयों का प्रदर्शन निर्धारित लक्ष्य 75 प्रतिशत से कम रहा।

समिति द्वारा संबंधित सदस्य कार्यालयों से भविष्य में टिप्पणियां लिखने में निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने हेतु अनुरोध किया गया ।

**मद संख्या (4) नराकास, ग्वालियर राजभाषा कार्यान्वयन एवं विभागीय हिंदी पत्रिका प्रकाशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु विजेताओं के नामों की घोषणा |**

उपर्युक्त मद के अंतर्गत सहायक निदेशक (राजभाषा) श्री मनीष कुमार द्वारा विजेताओं के नामों की घोषणा की गई। श्री सिद्धार्थ बोंडाडे, अध्यक्ष, नराकास (क्र.-01) एवं श्री सत्यवर्धन गौतम, अध्यक्ष, नराकास (क्र.-02) द्वारा निम्नलिखित विजेता कार्यालयों को पुरस्कार वितरित किये गए :-

| **राजभाषा कार्यान्वयन में उत्कृष्ट प्रदर्शन** | |
|---|---|
| **प्रथम पुरस्कार- संयुक्त रूप से** | आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,केंद्रीय विद्यालय संगठन, ग्वालियर एवं |
| | क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद्, आमखो, ग्वालियर |
| **द्वितीय पुरस्कार-** | कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी – द्वितीय) मध्य प्रदेश, ग्वालियर |
| **तृतीय पुरस्कार-** | प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा- प्रथम) मध्य प्रदेश का कार्यालय, ग्वालियर |

**पत्रिका प्रकाशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन**

| **वर्ष में एक से अधिक अंक प्रकाशित करने वाले कार्यालय** | |
|---|---|
| **प्रथम पुरस्कार-** | रक्षा अनुसंधान एवं विकास स्थापना, म.प्र., ग्वालियरपत्रिका 'प्रेरणा' के लिए |
| **द्वितीय पुरस्कार-** | प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-प्रथम) का कार्यालय, म.प्र., ग्वालियर पत्रिका 'गोपाद्री' के लिए |

| **वर्ष में एक अंक प्रकाशित करने वाले कार्यालय –** | |
|---|---|
| **प्रथम पुरस्कार-** | कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हक़.) द्वितीय, म.प्र., ग्वालियर पत्रिका वीरांगना' के लिए |
| **द्वितीय पुरस्कार-** | केंद्रीय विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल अकादमी, टेकनपुर ग्वालियर पत्रिका 'संगम' के लिए |
| **तृतीय पुरस्कार-** | पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय, पिछोर, डबरा, ग्वालियर पत्रिका 'नवोदिता' के लिए |

इसके उपरांत महालेखाकार महोदय की अनुमति से नराकास, ग्वालियर के सदस्य कार्यालयों द्वारा राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) के अंतर्गत आने वाले सामान्य आदेशों पर चर्चा की गई जिस पर सहायक निदेशक (राजभाषा) द्वारा विस्तृत स्पष्टीकरण दिया गया ।तत्पश्चात सभी सदस्य कार्यालयों से अपेक्षित सहभागिता अंशदान के विषय में चर्चा की गई एवं यह निर्णय लिया गया कि प्रस्तावित राशि के संबंध में दिशानिर्देश एवं मार्गदर्शन हेतु क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (मध्य) भोपाल, राजभाषा विभाग को पत्र लिखा जाएगा एवं इसके उपरांत सदस्य कार्यालयों से संबंधित पत्राचार किया जायेगा।

इसके पश्चात् आमंत्रित अतिथि श्री सत्यवर्धन गौतम द्वारा अपना संबोधन प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने नवीन गठित समिति को नई ऊँचाईयों तक ले जाने हेतु हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया।

**अध्यक्ष महोदय का उद्बोधन-**

महालेखाकार एवं अध्यक्ष महोदय ने अपने उद्बोधन में अवगत कराया कि भारत का संविधान हिंदी को संघ की राजभाषा का दर्जा प्रदान करता है तथा इसके प्रभावी कार्यान्वयन का दायित्व सभी पर समान रूप से है। अध्यक्ष महोदय द्वारा नराकास, ग्वालियर के सभी सदस्य कार्यालयों को नराकास गतिविधियों में सक्रिय योगदान देने एवं राजभाषा संबंधी समस्त नियमों का व्यक्तिगत रूचि लेकर पालन करने हेतु अनुरोध किया गया।

अध्यक्ष महोदय द्वारा समीक्षा अवधि के दौरान सदस्य कार्यालयों द्वारा राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने हेतु किए गए उल्लेखनीय प्रयासों की सराहना की गई।

अध्यक्ष महोदय ने राजभाषा हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यालयों तथा उत्कृष्ट पत्रिका प्रकाशन हेतु चयनित विजेता कार्यालयों को समिति की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं और उन्हें अन्य कार्यालयों के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

अंत में, अध्यक्ष महोदय ने नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्यों, राजभाषा अधिकारियों, अनुवादकों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा विश्वास व्यक्त किया कि सभी के सामूहिक प्रयासों से राजभाषा हिंदी का कार्यान्वयन और अधिक व्यापक, प्रभावी एवं सार्थक होगा।

अंत में सहायक निदेशक (राजभाषा) द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त सदस्य कार्यालयों का आभार व्यक्त किया गया एवं महालेखाकार महोदय की अनुमति से बैठक की समाप्ति की घोषणा की गई|

**RAJESH N HATHWALNE**

**सहायक निदेशक (राजभाषा)**

**परिशिष्ट 1 –**

दिनांक 27.01.2026 को संपन्न नराकास, ग्वालियर की 94वीं अर्धवार्षिक बैठक में उपस्थित कार्यालयों की सूची जिनके कार्यालय प्रमुख उपस्थित हुए |

| क्र. | कार्यालय का नाम |
|---|---|
| 1. | प्रधान महालेखाकार (अध्यक्ष नराकास) कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा- प्रथम) मध्य प्रदेश का कार्यालय, ऑडिट भवन, ग्वालियर |
| 2. | महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) मध्य प्रदेश का कार्यालय, लेखा भवन, ग्वालियर |
| 3. | कार्यालय महानिदेशक, लेखा परीक्षा (केंद्रीय प्राप्ति) नई दिल्ली, शाखा ग्वालियर, ऑडिट भवन, ग्वालियर |
| 4. | प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय क्रमांक – एक, शक्ति नगर, ग्वालियर |
| 5. | प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय क्रमांक – दो, एयर फ़ोर्स स्टेशन, महाराजपुरा, ग्वालियर |
| 6. | प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय क्रमांक – तीन, मुरार, छावनी, ग्वालियर |
| 7. | प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय क्रमांक – चार, एयर फ़ोर्स स्टेशन, महाराजपुरा, ग्वालियर |
| 8. | प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय क्रमांक – पाँच, शास्त्री नगर थाठीपुर, ग्वालियर – 474011 |
| 9. | निदेशक, रक्षा अनुसंधान एवं विकास स्थापना, झाँसी मार्ग, ग्वालियर – 474002 |
| 10. | विमान क्षेत्र अधिकारी, भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण, राजमाता विजयाराजे सिंधिया टर्मिनल, महाराजपुरा, ग्वालियर – 474020 |
| 11. | सहायक निदेशक, संस्थान प्रभारी,क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद्, आमखो, ग्वालियर |
| 12. | सहायक निदेशक (यांत्रिक) डी.डी.ओ., सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्दयम विकास संस्थान (शाखा) 7, ओद्योगिक संस्थान, तानसेन रोड, बिडला नगर, ग्वालियर |
| 13. | कुल सचिव, लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, मेला रोड, शक्ति नगर, ग्वालियर |
| 14. | मण्डल प्रबंधक, भारतीय खाद्य निगम, मोती पैलेस बिल्डिंग, जयेन्द्रगंज, ग्वालियर |
| 15. | निदेशक, केंद्रीय विद्यालय संगठन, आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, विवेकानंद नीडम के पास, ग्वालियर |
| 16. | सहायक अधीक्षण, पुरातत्वविद (स.) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, पुरातत्व संग्रहालय, ग्वालियर किला, ग्वालियर |
| 17. | स्टेशन निदेशक, उत्तर-मध्य रेल, तानसेन रोड, ग्वालियर – 474002 |
| 18. | कार्यालय सहायक आयुक्त, केंद्रीय वस्तु एवं सेवाकर प्रभाग- I ग्वालियर गार्डन पैलेस न्यूटैरिक वर्ल्ड स्कूल के पास गुलमोहर सिटी रोड ग्वालियर– 474002 |
| 19. | प्रवर अधीक्षक, डाकघर, ए-7, कल्पना नगर, 7 नं. चौराहा, मुरार, ग्वालियर |
| 20. | प्रभारी अधिकारी, भारत मौसम विज्ञान विभाग, थाठीपुर, ग्वालियर – 474011 |
| 21. | क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त/प्रभारी, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय- ग्वालियर, |

| | |
|---|---|
| | भविष्य निधि भवन |
| 22. | स्थानीय लेखापरीक्षाधिकारी, (वायुसेना), महाराजपुरा, ग्वालियर, म.प्र. |
| 23. | वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, इंडेन एरिया कार्यालय, बहादुरा रेजीडेंसी, दूसरी मंज़िल, कैलाश विहार, आयकर भवन के पास, सिटी सेण्टर, ग्वालियर, म.प्र. |
| 24. | सहायक लेखा अधिकारी, भंडार भवन कार्यालय (वायुसेना) महाराजपुरा, ग्वालियर, म.प्र. |
| 25. | महाप्रबंधक, पॉवर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड, ग्राम - अडूपुरा, पोस्ट – रौरा, झाँसी रोड, ग्वालियर |
| 26. | प्राचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय, पिछोर, डबरा, ग्वालियर, म.प्र. 475115 |
| 27. | प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल अकादमी, टेकनपुर, ग्वालियर – 475005 |
| 28. | कमांडेंट, कार्यालय कमांडेंट – 244 (वी.एस.) बटालियन, कें.रि.पु.ब., ग्रुप केंद्र परिसर, ग्वालियर, म.प्र. |
| 29. | केंद्रीय विद्यालय, सी.आर.पी.एफ. ग्रुप सेंटर, नया गाँव, ग्वालियर, म.प्र. |
| 30. | खान सुरक्षा महानिदेशालय, ग्वालियर क्षेत्र, जीएच -705, दीनदयाल नगर, गोले का मंदिर, ग्वालियर-474005 |
| 31. | महाप्रबंधक, दूरसंचार महाप्रबंधक का कार्यालय, संचार भवन, सिटी सेंटर, ग्वालियर |

**RAJESH N HATHWALNE**

**सहायक निदेशक (राजभाषा)**

**परिशिष्ट 2 –**

दिनांक 27.01.2026 को संपन्न नराकास, ग्वालियर की 94वीं अर्धवार्षिक बैठक में उपस्थित कार्यालयों की सूची जिनके कार्यालय प्रमुखों के स्थान पर उनके प्रतिनिधि उपस्थित हुए |

| क्र. | कार्यालय का नाम |
|---|---|
| 1. | पुलिस महानिरीक्षक/प्राचार्य, केंद्रीय प्रशिक्षण महाविद्यालय, केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल, ए.बी.रोड, पनिहार, ग्वालियर – 475330 |
| 2. | पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केंद्र, केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल, नया गांव, पनिहार, ग्वालियर - 474042 |
| 3. | निदेशक, सीमा सुरक्षा बल अकादमी, टेकनपुर, ग्वालियर – 475005 |
| 4. | निदेशक, भारतीय पर्यटन व यात्रा प्रबंध संस्थान, गोविन्दपुरी, ग्वालियर – 474011 |
| 5. | प्राचार्य, होटल प्रबंध खान-पान तकनीक एवं पोषण आहार संस्थान, एयरपोर्ट रोड, महाराजपुरा, ग्वालियर |
| 6. | निदेशक, अटल बिहारी वाजपेयी, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबधन संस्थान (ट्रिपलआईटीएम), मुरैना, लिंक रोड, ग्वालियर |
| 7. | क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड सी-6, महेश नगर, सिटी सेंटर, ग्वालियर-474011 |
| 8. | निदेशक, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (क्षेत्र संकार्य प्रभाग) (क्षेत्रीय कार्यालय) ब्लॉक-बी, प्रथम तल, संजय कॉम्प्लेक्स, जयेन्द्रगंज, ग्वालियर |
| 9. | अधिशासी अभियंता, अन्वेषण प्रभाग, राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण, 12- साडा भवन, द्वितीय तल, सिटी सेंटर, ग्वालियर – 474011 |
| 10. | अधीक्षण अभियंता, अन्वेषण वृत्त, राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण, 12- साडा भवन, सिटी सेंटर, पोस्ट आर.के.पुरी., ग्वालियर – 474011 |
| 11. | प्राचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय, विरखडी, जिला – भिण्ड, म.प्र. |
| 12. | वरिष्ठ शिक्षा अधिकारी, स्टेशन शिक्षा अनुभाग, वायुसेना स्टेशन, महाराजपुरा, ग्वालियर म.प्र. 474020 |
| 13. | प्रधान निदेशक, केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, (सिपेट), एयरपोर्ट के सामने, महाराजपुरा, ग्वालियर म.प्र. 474020 |
| 14. | डिपो प्रबंधक (कानकोर) भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड, आईसीडी मालनपुर, मालनपुर रेलवे स्टेशन रिठौरा कला, मुरैना, म. प्र. |
| 15. | पी एम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, मानपुर (जौरा), मुरैना |

**RAJESH N HATHWALNE**

**सहायक निदेशक (राजभाषा)**

**परिशिष्ट 3 –**

दिनांक 27.01.2026 को संपन्न नराकास, ग्वालियर की 94वीं अर्धवार्षिक बैठक में अनुपस्थित सदस्य कार्यालयों की सूची निम्नानुसार है |

| क्र. | कार्यालय का नाम |
|---|---|
| 1. | छावनी अधिशासी अधिकारी, छावनी बोर्ड का कार्यालय, मुरार, ग्वालियर – 474006 |
| 2. | कमांडेंट, एन. सी. सी. महिला अफसर, प्रशिक्षण अकादमी, स्टेशन मार्ग, ग्वालियर – 474002 |
| 3. | कमांडर, निर्माण अभियंता (वायुसेना), महाराजपुरा डाकखाना, वायुक्षेत्र, ग्वालियर - 474020 |
| 4. | कंपनी रजिस्ट्रार, कंपनी रजिस्ट्रार का कार्यालय, संजय कॉम्प्लेक्स, ए – ब्लॉक, तीसरी मंजिल, जयेन्द्रगंज, ग्वालियर – 474009 |
| 5. | वरिष्ठ प्रबंधक, नेशनल फ़र्टिलाइज़र लि. 27 बी, विजया नगर, चेतकपुरी, ग्वालियर |
| 6. | शाखा प्रबंधक, शाखा कार्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, फालके साहब का बाड़ा, फालका बाज़ार, लश्कर, ग्वालियर |
| 7. | भंडार गृह प्रबंधक, केंद्रीय भंडार गृह, लक्ष्मीगंज मंडी, ए.बी.रोड, ग्वालियर |
| 8. | अध्यक्ष, केंद्रीय आलू अनुसंधान केंद्र, पो.बॉ.सं.- 4, मुरार, ग्वालियर |
| 9. | कार्यालय सहायक निदेशक, सेंट्रल इंटेलिजेंस ब्यूरो(गृह मंत्रालय), भारत सरकार, यूनिवर्सिटी पुलिस थाने के पास, महलगांव, ग्वालियर– 474002 |
| 10. | केंद्र अभियंता, आकाशवाणी, गाँधी मार्ग, ग्वालियर – 474002 |
| 11. | केंद्र निदेशक, दूरदर्शन केंद्र/ प्रसार भारती (भा.प्र.नि.) दूरदर्शन अनुरक्षण केंद्र, गाँधी मार्ग, ग्वालियर - 474002 |
| 12. | कार्यपालक अभियंता, (विद्युत्) केंद्रीय लोक निर्माण विभाग, 35 – सिटी सेंटर, ग्वालियर |
| 13. | मुख्य कारखाना प्रबंधक, रेल स्प्रिंग कारखाना, पो.बॉ.सं. – 1, सिथौली, ग्वालियर – 480001 |
| 14. | कार्यालय अधीक्षण अभियंता, ग्वालियर परिमंडल, ग्वालियर 35, सिटी सेंटर, ग्वालियर – 474011 |
| 15. | नारकोटिक्स आयुक्त, केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो, 19 - माल रोड, मुरार, ग्वालियर – 474006 |
| 16. | आयकर अधिकारी, (मुख्या.) प्रधान आयकर आयुक्त, आयकर भवन (ग्वालियर परिक्षेत्र) सिटी सेंटर, ग्वालियर – 474001 |
| 17. | सहायक निदेशक, कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), हस्तशिल्प सेवा केंद्र, आर.ए.सी.डी.सी. बैजाताल मोतीमहल, ग्वालियर – 474007 |
| 18. | क्षेत्रीय कार्यालय, केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार ए-6 विवेक विहार कॉलोनी, ग्वालियर – 474009 |
| 19. | जिला युवा समन्वयक, नेहरु युवा केंद्र संगठन, 60 शांति निकेतन, बेंडी स्कूल के पास, सत्यदेव नगर, गाँधी रोड, ग्वालियर – 474002 |
| 20. | वरिष्ठ डिपो प्रबंधक, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, बरुआ, ग्वालियर, म.प्र. 474010 |
| 21. | राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड, कृषि परिसर, मेला मैदान के सामने, रेस कोर्स रोड, ग्वालियर |

| | |
|---|---|
| 22. | भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) रायरू डिपो, पोस्ट- बरुआ, ग्वालियर, म.प्र. 474010 |
| 23. | स्टील अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया लिमिटेड, ग्वालियर, बिरला नगर |
| 24. | पी एम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, जैदा, श्योपुर |

**RAJESH N HATHWALNE**

सहायक निदेशक (राजभाषा)